**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के वित्त मंत्री का कार्यभार संभाल रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज दोपहर विधानसभा में वर्ष 2025 - 26 का बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट हर वर्ग की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी कहा है कि बजट में कृषि क्षेत्र एवं किसानों के लिए कई घोषणाएं होंगी।

*************************************************************************

हरियाणा सरकार ने आज विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है जो 22 मार्च तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि कल मनाए गए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के बाद आज अभियान शुरू किया गया। ताकि आवश्यक ठीके लगवाने से छूट गए बच्चों का टीकाकरण हो सके। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि इस दौरान बच्चों को पोलियो विमनिया तपेदिक टैटनस और गलघोत जैसे जानलेवा बिमारियों से बचने के लिए ठीके लगाए जायेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से टीकाकरण के लिए अपने क्षेत्र की ऐ ऐन ऍम आशा या ांगड़वाड़ी कार्यकतो से संपर्क करने को कहा है यह टीकाकरण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किया जाता है।

*************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा,मंत्री अनिल विज ने कहा है कि अंबाला छावनी के नग्गल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र विभिन्न रोगों की जांच और अनुसंधान में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने बताया कि 17 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह केंद्र हरियाणा सहित सात राज्यों के मरीजों को लाभ पहुंचाएगा, जिससे उन्हें दिल्ली या पुणे जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। चार एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन इस केंद्र का पहला चरण प्रगति पर है, जबकि दूसरे चरण में मुख्य भवन बनेगा।

श्री विज इस केंद्र के निर्माण की प्रगति का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे हैं।

श्री विज ने कहा कि इस केंद्र में वैज्ञानिक संक्रामक रोगों की पहचान, नियंत्रण और रोकथाम पर अनुसंधान करेंगे। यह केंद्र डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस और खसरा जैसी बीमारियों की जांच और रोकथाम में सहायक होगा।

*************************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कल पानीपत जिले की मतलोडा में अनाज मंडी की "अटल किसान मजदूर कैंटीन" का उद्घाटन किया। इस दौरान पंचायत मंत्री ने मंडी समिति के अधिकारियो व आढ़तियों, किसानों के साथ कैंटीन का निरीक्षण भी किया।इस अवसर पर पंचायत मंत्री ने अटल किसान मजदूर कैंटीन में अनाज मंडी के आढ़तियों व किसानों के बीच बैठ कर खाना भी खाया। और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी खाने की गुणवत्ता बनाए राखी जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।इस उपरांत पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने आढ़तियों व किसानों की समस्याएं भी सुनी। मंत्री ने बिजली अधिकारियों को अनाज मंडी में समुचित बिजली आपूर्ति करने के निर्देश भी दिए।

*************************************************************************

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कल पार्टी जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संगठनात्मक दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा 27 जिला अध्यक्ष बनाए जाने हैं।

रोहतक में 54 पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन किया है। आज जिलाध्यक्षों की घोषणा हो जाएगी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चयन होगा।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल दोपहर 2 बजे तक जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन लिए गए। शाम 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच हुई।

बी जे पी ने संगठनात्मक चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक जिला में एक जिला चुनाव अधिकारी और दो सहायक चुनाव अधिकारी बनाए हैं। रोहतक के सहायक चुनाव अधिकारी सुखबीर चंदेलिया ने बताया कि सिर्फ सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन लिए गए। सभी आवेदनों की जांच के बाद भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को पार्टी जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा के 27 जिलाध्यक्ष बनाए जाने हैं। रोहतक में 54 पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन किया है। 17 मार्च को जिलाध्यक्षों की घोषणा होगी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चयन होगा। रविवार दोपहर 2 बजे तक जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन लिए गए। इसके बाद शाम 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच हुई और शाम 5 बजे तक का समय नामांकन वापसी के लिए निर्धारित किया गया था।

भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक जिला में एक जिला चुनाव अधिकारी और दो सहायक चुनाव अधिकारी बनाए हैं। रोहतक के सहायक चुनाव अधिकारी सुखबीर चंदेलिया ने बताया कि सिर्फ सक्रिय कार्यकर्ता ही जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही वह कार्यकर्ता पार्टी में विभिन्न पदों पर रहा हो और उसे संगठनात्मक कार्य की समझ हो। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष के लिए आए सभी आवेदनों की जांच के बाद पार्टी नेतृत्व को नाम पार्टी नेतृत्व को नाम भेज दिए गए।